ठेका सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, रामनगर द्वारा अपनी सीमान्तर्गत निम्न ठेके आवंटित किये जाने हेतु पात्र इच्छुक व्यक्तियों से सील बन्द कोटेशन पुनः आमंत्रित किये जाते है। आवंटन प्रक्रिया दो चरणों में सम्पन्न होगी, जिसके प्रथम चरण में कोटेशन आमंत्रित किये जायेंगे तथा द्वितीय चरण में प्राप्त उच्चतम कोटेशनदाताओं (अधिकतम पाँच) के मध्य कोटेशन खोले जाने की तिथि को बोली लगाकर, उच्चतम बोली के आधार पर ठेकों का आवंटन किया जायेगा। कोटेशनदाता के प्रतिनिधि को बोली में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं होगी। प्राप्त उच्चतम कोटेशनदाताओं को बोली में स्वयं प्रतिभाग करना होगा। उपरोक्त प्रक्रिया के अनुसार ठेके के आवंटन हेतु दिनांक 23–02–2024 से 29–02–2024 को सायं 05.00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/कोरियर द्वारा प्राप्त कोटेशन ही स्वीकार किये जायेगें। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त कोटेशन दिनांक 01–03–2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे प्रभारी अधिकारी महोदय के समक्ष खोले जायेंगे। ठेकों की शर्तों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी नगरपालिका परिषद की वेबसाइट **www.nagarpalikaramnagar.in** पर या नगरपालिका कार्यालय में किसी भी कार्यालय कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

क्र0सं0	ठेके का विवरण	ठेका अवधि
1.	ठेका फड़/फेरी व्यवसायिक शुल्क	01–04–2024 से 31–03–2025 तक
2	ठेका शौचालय निकट खय्याम बार	01–04–2024 से 31–03–2026

अधिशासी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद, रामनगर।

प्रभारी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद, रामनगर।

कार्यालय नगरपालिका परिषद, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक 4164 /05–कर अनु0/2023–24 दिनांक– 22-2-2024

प्रतिलिपि सम्पादक दैनिक आज,दैनिक जागरण को इस आशय से प्रेषित कि अपने आगामी अंक में उपरोक्त निविदा सूचना का एक बार अधिकतम 08X10 सेमी0 साईज में शासन द्वारा निर्धारित दरों पर प्रकाशन कर, समाचार पत्र की दो प्रतियाँ सहित बिल भुगतान हेतु कार्यालय में प्रस्तुत करें।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

1. नोटिस बोर्ड, उपजिलाधिकारी कार्यालय/तहसील कार्यालय/नगरपालिका परिषद, रामनगर।
2. सम्बन्धित पत्रावली।

अधिशासी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद, रामनगर।

Scanned with OKEN Scanner